पूर्वोत्तर रेलवे

*श्री डी. के. सिंह ,* वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक

के मार्गदर्शन

एवं

**श्री रवि मिश्रा** , कार्य कुशलता अधिकारी

के निर्देशन में

सम्पादित

**''वाराणसी मण्डल के इंजीनियरिंग विभाग के अन्तर्गत सी0से0ई0(रेलपथ)/मऊ (पश्चिम) के अधीन कर्मचारी संख्या की समीक्षा'' विषय पर कार्याध्ययन।**

द्वारा

कार्य कुशलता संगठन
पूर्वोत्तर रेलवे
गोरखपुर

कार्याध्ययन सं0 – एन0ई0/05/2021–22

मिसिल संख्या – प्र/560/1/2021–22/05

*******

<u>अधिशासकीय सार</u>

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | क्रम संख्या | – | 05 |
| 2. | कार्याध्ययन संख्या | – | एन0ई0/05/2021–22 |
| 3. | मिसिल संख्या | – | प्र/560/1/2021–22/05 |
| 4. | विषय | – | ''वाराणसी मण्डल के इंजीनियरिंग विभाग के अन्तर्गत सी.से.ई.(रेलपथ) /मऊ (पश्चिम) के अधीन कर्मचारी संख्या की समीक्षा'' विषय पर कार्याध्ययन। |
| 5. | विभाग | – | इंजीनियरिंग |
| 6. | प्राधिकार | – | वर्ष 2021–22 की अनुमोदित कार्याध्ययन सूची के अनुसार । |
| 7. | संदर्भित सीमायें:– | (1) | सी.से.ई.(रेलपथ) मऊ (पश्चिम) के अन्तर्गत वर्तमान कार्यभार का विवरण प्राप्त करना |
| | | (2) | कार्यभार का आलोचनात्मक विश्लेषण एवं आवश्यकता के आधार पर कर्मचारी संख्या का आंकलन करना |
| | | (3) | कार्यभार एवं आवश्यकता से अधिक पाए गए सरप्लस पदो ंके अभ्यर्पण की संस्तुति करना। |
| 8. | कर्मचारी की स्वीकृत संख्या जिनका कार्याध्ययन किया गया | – | 214 |
| 9. | संस्तुति सारांश | – | पृष्ठ संख्या– II |
| 10. | अभ्यर्पण हेतु पदों की संख्या | – | 18 |
| 11. | वित्तीय बचत | – | रू0 1.42 **करोड़** |
| 12. | वितरण तिथि | – | जुलाई/2021 |

*******

<u>अनुक्रमणिका</u>


| क्रम सं0 | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | आभार | I |
| 2. | संस्तुतियाँ | II |
| 3. | वित्तीय परिणाम | III |
| 4. | **अध्याय–प्रथम** | 1–2 |
| | प्रस्तावना, प्राधिकार एवं संदर्भित सीमायें । | |
| 5. | अध्याय– द्वितीय | 3–7 |
| | कर्मचारी की स्वीकृत एवं वास्तविक संख्या। | |
| 6. | अध्याय– तृतीय | 8–11 |
| | आलोचनात्मक विश्लेषण, कर्मचारी संख्या का आंकलन एवं तद्नुसार संस्तुतियॉ। | |


*******

**(I)**

## आभार

कार्याध्ययन दल श्री वी.के.पंजियार, मण्डल रेल प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी, श्री राकेश रंजन, वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (समन्वय), वाराणसी, के प्रति गहन आभार व्यक्त करता है, जिन्होंने कार्याध्ययन के सफल सम्पादन हेतु अपना बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्याध्ययन दल श्री सरफराज अहमद अन्सारी, सीनियर सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ)/मऊ (पश्चिम) के प्रति भी आभार व्यक्त करता है, जिन्होंने कार्याध्ययन से संबंधित वांछित सूचनायें एवं आंकड़े समयानुसार उपलब्ध कराने में विशेष सहयोग प्रदान किया।

*******

## (II)

## संस्तुतियाँ

| क्रमांक | संस्तुतियॉ | मद सं0 |
|---|---|---|
| 1. | यह संस्तुति की जाती है कि सी0से0ई0/रेल पथ/मऊ (पश्चिम) के अधीन ट्रैकमैन के 18 पद, जो आवश्यकता/कार्यभार से अधिक पाये गये है, तथा रिक्त भी चल रहे हैं उन्हें अभ्यर्पित किया जाय । | 3.4. |

********

**(III)**

## वित्तीय परिणाम

कार्याध्ययन में की गयी संस्तुतियों के क्रियान्वयन के फलस्वरूप रेल प्रशासन को होने वाली अनुमानित वार्षिक बचत के आंकलन निम्नवत् हैः–

| पदनाम | पे लेवल | ग्रेड पे | पदों की संख्या | औसत मूल्य प्रति पद प्रति माह (रू0 में) | औसत मूल्य प्रति माह (रू0 में) | बार्षिक आवर्ती बचत(रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ट्रैक मैन | 1 | 1800 | 18 | 66119 | 1190142 | 14281704 |
| योग | | | | | | |

अतः रेल राजस्व की कुल आवर्ती वार्षिक बचत रू0 एक करोड. बयालिस लाख इक्यासी हजार सात सौ चार मात्र।

******

## अध्याय– प्रथम

### 1.0 प्रस्तावना, प्राधिकार एवं संदर्भित सीमायें :–

1.1 किसी राष्ट्र की आर्थिक प्रगति और विकास के लिए कारगर परिवहन आधार संरचना का मौजूद होना अति आवश्यक है। भारतवर्ष में रेलवे परिवहन का सबसे सुरक्षित, सस्ता एवं सुलभ साधन है। ट्रेनों के सुरक्षित एवं संरक्षित संचालन हेतु ट्रैक का रख–रखाव सर्वाधिक महत्वपूर्ण तथ्य है, परन्तु ट्रैकों के रख–रखाव में अत्याधुनिक मशीनों के उपयोग को देखते हुए अनुरक्षण के आधार पर कार्यरत कर्मचारियों की संख्या का औचित्यपूर्ण अध्ययन आवश्यक प्रतीत होता है।

1.2 अतः उपरोक्त के परिप्रेक्ष्य में अनुमोदित कार्याध्ययन सूची के अनुसार वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे के निर्देश पर कार्यकुशलता संगठन द्वारा ''वाराणसी मण्डल के इन्जीनियरिंग विभाग के अन्तर्गत सी0से0ई0(रेलपथ)/मऊ (पश्चिम) के अधीन कर्मचारी संख्या की समीक्षा'' विषय पर कार्याध्ययन प्रारम्भ किया गया तथा कार्याध्ययन सम्पन्न करके अन्तिम स्वरूप दिया गया है।

1.3 कार्याध्ययन को निम्नलिखित संदर्भित सीमाओं के अन्तर्गत सम्पन्न किया गया है :–

(i) सी0से0ई0(रेलपथ)/मऊ (पश्चिम) के अन्तर्गत वर्तमान कार्यभार का सम्पूर्ण विवरण प्राप्त करना।

(ii) कार्यभार के अनुरूप आवश्यकतानुसार कर्मचारी संख्या का आंकलन करना ।

(iii) कार्यभार एवं आवश्यकता से अधिक पाये गये पदो ंके अभ्यर्पण की संस्तुति करना।

1.4 <u>कार्याध्ययन विधि</u>

1. सीनियर सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ)/मऊ (पश्चिम) द्वारा कार्यभार का विस्तृत विवरण प्राप्त करना।

2. सीनियर सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ) द्वारा दिये गये सभी आंकड़ों का परीक्षण एवं भौतिक सत्यापन करना।

3. संबंधित पर्यवेक्षकों से गहन विचार–विमर्श करना एवं उनके द्वारा दिये गये सुझाव पर विचार करना।

4. कार्यभार को देखते हुए व्यवहारिक दृष्टिकोण, वेंचमार्किंग को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कर्मचारी संख्या का आंकलन करना तथा अन्य सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए विविध कार्यों हेतु भी कर्मचारियों की गणना करना।

******

## अध्याय– द्वितीय

2.0 **कर्मचारी की स्वीकृत एवं वास्तविक संख्या** :– सीनियर सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ)/मऊ (पश्चिम) इकाई का प्रशासनिक नियंत्रण वरि0 मंडल इंजीनियर (समन्वय) /वाराणसी के अधीन है। इनके कार्यों का प्रत्यक्ष नियंत्रण मंडल स्तर पर मंडल इंजीनियर /सामान्य, वाराणसी एवं स्थानीय स्तर पर सहायक मंडल इंजीनियर/मऊ (पश्चिम) द्वारा किया जाता हैं।

2.1 **कर्मचारी संख्या** :– वाराणसी मण्डल के इंजीनियरिंग शाखा के सीनियर सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ)/मऊ (पश्चिम) के अन्तर्गत कर्मचारियों की कोटिवार स्वीकृत एवं वास्तविक संख्या का विवरण निम्नवत् है। कर्मचारी स्वीकृत संख्या की स्थिति 01.04.2021 की बी0ओ0एस0–।।। के अनुसार है :–

### 2.1.1 सीनियर सेक्शन इंजीनियर(रेलपथ)/मऊ (पश्चिम) का कोटिवार सारांश :–

| क्र.सं. | कोटि | स्वीकृत सं0 | वास्तविक सं0 | अन्तर/रिक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ट्रैकमैन | 206 | 164 | 42 |
| 2 | लोहार | 03 | 01 | 02 |
| 3 | वेल्डर | 02 | 00 | 02 |
| 4 | कारपेन्टर | 00 | 00 | 00 |
| 5 | पेन्टर | 00 | 00 | 00 |
| 6 | खलासी | 03 | 00 | 03 |
| 7 | सफाईवाला | 00 | 00 | 00 |
| | **योग** | **214** | **165** | **49** |

2.2 सी0से0ई0(रेलपथ)/मऊ (पश्चिम) का कार्यक्षेत्र :–

सी0से0ई0(रेलपथ)/मऊ (पश्चिम) के सम्पूर्ण कार्यक्षेत्र का विवरण निम्नवत् है :–

**(i)** किमी 0/823 (फेफना छोडकर) से 49/467 (इन्दारा स्टेशन छोडकर) तक

**(ii)** किमी 0/0 (इन्दारा ) से 35/0 (दोहरीघाट ) तक,तथा मऊ यार्ड

ट्रैक अनुरक्षण कार्य को सुचारू रूप से संचालन एवं नियंत्रण हेतु निम्न सेक्शनल सीसेइं/रेलपथ पदस्थापित किये गये हैं।

**(1)** सी0से0ई0(रेलपथ)/ रसड़ा सेक्शनल का कार्यक्षेत्र :–

किमी 0/823 (फेफना छोडकर) से किमी 49/467 (इन्दारा स्टेशन छोडकर) तक

(2) सी0से0ई0(रेलपथ)/ इन्दारा का कार्यक्षेत्र :–

किमी 0/0 (इन्दारा ) से 35/0 (दोहरीघाट ) तक,तथा मऊ यार्ड

2.3 सी0से0ई0(रेलपथ)/मऊ (पश्चिम) का बीट–वाइज कार्यक्षेत्र :–

| SN | Name of Gang Beat | From Km (Station) | To Km (Station) |
|---|---|---|---|
| 1 | 1 PI | 0/823 | 8/0 |
| 2 | 2 PI | 8/0 | 16/0 |
| 3 | 3 PI | 16/0 | 25/0 |
| 4 | 4 PI | 25/0 | 34/0 |
| 5 | 5 PI | 34/0 | 42/0 |
| 6 | 6 PI | 42/0 | 49/467 |
| 7 | 11 D | 0/0 | 4/0 |
| 8 | 21 D | 4/0 | 12/0 |
| 9 | 31 D | 12/0 | 20/0 |
| 10 | 41 D | 20/0 | 28/0 |
| 11 | 51 D | 28/0 | 35/0 |
| 12 | Mau Yard | Line No. 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 15 & 16 | |

2.3.1 वर्तमान में बीट वाइज कर्मचारी संख्या का डिप्लायमेन्ट

| SN | Gang Beat | Mate | K Man | Trackman | Total |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 PI | 1 | 1 | 13 | 15 |
| 2 | 2 PI | 0 | 2 | 18 | 20 |
| 3 | 3 PI | 1 | 2 | 13 | 16 |
| 4 | 4 PI | 1 | 2 | 10 | 13 |
| 5 | 5 PI | 1 | 2 | 12 | 15 |
| 6 | 6 PI | 0 | 2 | 15 | 17 |
| 7 | 11 D | 0 | 0 | 2 | 02 |
| 8 | 21 D | 0 | 0 | 1 | 01 |
| 9 | 31 D | 1 | 0 | 2 | 03 |
| 10 | 41 D | 0 | 0 | 0 | 00 |
| 11 | 51 D | 0 | 0 | 0 | 00 |
| 12 | Mau Yard | 1 | 1 | 11 | 13 |
| | Total | 6 | 12 | 97 | 115 |

2.3.2 सितम्बर–2018 में इन्दारा–दोहरी घाट सेक्शन बीजी कन्वर्जन हेतु बन्द होने के पूर्व बीट वाइज कर्मचारी संख्या का डिप्लायमेन्ट

| SN | Gang Beat | Mate | K Man | Trackman | Total |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 PI | 1 | 0 | 8 | 09 |
| 2 | 2 PI | 1 | 0 | 9 | 10 |
| 3 | 3 PI | 1 | 0 | 11 | 12 |
| 4 | 4 PI | 1 | 1 | 6 | 08 |
| 5 | 5 PI | 1 | 0 | 9 | 10 |
| 6 | 6 PI | 1 | 0 | 9 | 10 |
| 7 | 11 D | 0 | 0 | 5 | 05 |
| 8 | 21 D | 0 | 0 | 4 | 04 |
| 9 | 31 D | 0 | 0 | 5 | 05 |
| 10 | 41 D | 0 | 0 | 4 | 04 |
| 11 | 51 D | 1 | 0 | 5 | 06 |
| 12 | Mau Yard | 1 | 0 | 9 | 10 |
| | Total | 8 | 1 | 84 | 93 |

2.3.3 सीनियर सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ)/मऊ (पश्चिम) के अन्तर्गत मानव संचालित गेटों का विवरण :–

| क्र.सं. | गेटों की सं. | श्रेणी | पाली की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | 3 | सी | 12 घंटा |
| 2 | 16 | बी | 12 घंटा |
| 3 | 19 | बी 2 | 12 घंटा |
| 4 | 20 | बी | 12 घंटा |
| 5 | 26 | सी | 12 घंटा |
| 6 | 27 | बी | 12 घंटा |
| 7 | 29 | सी | 12 घंटा |

**2.4** पी0वे0 मेट के कार्य :–

1. गैंग के कार्यो का पर्यवेक्षण करना।
2. गैंग को संरक्षा नियमों से अवगत कराना।
3. टूल्स/औजारों का रख–रखाव करना।
4. ट्रैक का साप्ताहिक निरीक्षण करना।
5. गैंग के द्वारा सम्पादित कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित कराना।

**2.5** की मैन के कार्य :–

1. ट्रैक का प्रतिदिन दो बार पेट्रोलिंग करना।
2. पेण्ड्राल एवं टंग रेल का ग्रीसिंग करना।
3. क्रासिंग नोज का ग्रीसिंग करना।
4. लूज फिटिंग को टाइट करना।
5. जंगल सफाई करना।

2.6 <u>ट्रैकमैन के कार्य</u> :–

1. ट्रैक की खोलाई (oH) कार्य।
2. ट्रैक की पैकिंग।
3. ट्रैक की हंच क्लीनिंग।
4. ट्रैक में लगे फिश प्लेट/फिश बोल्ट की आयलिंग, ग्रीसिंग कार्य।
5. समपारों का रख रखाव।

2.7 <u>गैंग का कार्यकाल :–</u> सीसेइं/पीवे/के अन्तर्गत कार्यरत गैंग बीटों का कार्यकाल समान्यतः निम्नवत् है :–

1. <u>ग्रीष्म काल –</u> (1 अप्रैल से 30 सितम्बर तक)

   06.30 से 11.30 बजे तक
   15.00 से 18.00 बजे तक

2. <u>शीत काल –</u> (1 अक्टूबर से 31 मार्च तक)

   07.30 से 12.30 बजे तक
   14.00 से 17.00 बजे तक

*****

## अध्याय – तृतीय

### 3.0 आलोचनात्मक विश्लेषण, कर्मचारी संख्या का आंकलन एवं तद्नुसार संस्तुतियॉ :–

3.1 विषयक कार्याध्ययन रेल की संरक्षा से संबंधित है। इस कार्याध्ययन में कार्य करने की विपरित एवं दुरूह परिस्थितियों को विशेष रूप से ध्यान में रखा गया है। इसके अतिरिक्त विभिन्न कार्य अवसरों पर पेट्रौलिंग इत्यादि में लगने वाले मैन आवर्स, विभिन्न क्षेत्रीय रेलों पर ट्रैक मेन्टिनेन्स पर उपभोग होने वाले मैन पावर की बेंचमार्किंग, पर्यवेक्षकों एवं काम करने वाले कर्मचारियों से विचार–विमर्श इत्यादि को कर्मचारी संख्या के आंकल में प्रमुख आधार रखा गया है।

3.2 **सीसेइं/पीवे/मऊ (पश्चिम)हेतु आवश्यक कर्मचारी संख्या का आंकलनः–** यहॉ यह उल्लेख करना समीचीन है कि सीसेइं/पीवे/मऊ पश्चिम के अधीन कुल 12 गैंग बीट कार्यरत हैं। जिसमें से 06 गैंग बीट फेफना–इन्दारा सेक्शन सिंगल लाइन इलेक्ट्रिफाइड सेक्शन है तथा 01 गैंग बीट मेन लाइन में मऊ यार्ड है। इसके अतिरिक्त 05 गैंग बीट इन्दारा–दोहरी घाट सेक्शन में है, जो वर्तमान में बीजी कन्वर्जन के कारण बन्द चल रहा है। यह भी उल्लेखनीय है कि इन्दारा दोहरी घाट का बीजी कन्वर्जन होने के उपरान्त भी इस पर गाडियों का दबाव, आवृत्ति एवं यातायात घनत्व मेन लाइन के अपेक्षाकृत कम ही रहने की सम्भावना है। अतः तदनुसार ही इस सेक्शन हेतु मैन पावर का आंकलन किया गया है।

#### 3.2.1 मेट के पदों का आंकलनः–

सी0से0ई0/रेलपथ, मऊ (पश्चिम) के सम्पूर्ण कार्यक्षेत्रों को 12 गैंगबीट में बॉटा गया है। प्रत्येक गैंगबीट में 01 मेट की आवश्यकता की दर से कुल 12 मेट प्रस्तावित किये जाते हैं।

#### 3.2.2 की मैन के पदों का आंकलनः–

एक गैगबीट हेतु 02 की मैन की आवश्यकता होती है। इस प्रकार 06 मेन लाइन फेफना–इन्दारा सेक्शन के गैंग बीट हेतु 6 x 2 = 12 तथा मऊ यार्ड हेतु 01 की मैन, कुल मिलाकर 13 की मैन प्रस्तावित किये जाते हैं।

3.2.3 <u>ट्रैकमैन के पदों का आंकलन</u> :– सी.से.ई / मऊ पश्चिम के अधीन दोहरीघाट– इन्दारा सेक्शन वर्तमान में बन्द है तथा बी.जी गेज कर्न्वजन चल रहा है। यह सेक्शन चालू होने के बाद भी इस पर गाडियों की सख्या एवं दबाव कम रहने की समभावना प्रबल है। अतः इस पर मेन लाइन मेन्टीनेन्स में कार्यरत ट्रैकमैन से कम संख्या की आवश्यकता होगी।
सी.से.ई / मऊ पश्चिम के अधीन फेफना – इन्दारा सेकसन बी.जी. सिंगल लाइन इलेक्ट्रिफाइड सेक्सन है। जहां वर्तमान में डबलिंग की प्रक्रिया चल रही है।

इन्दारा–फेफना सेक्शन एवं मऊ यार्ड के 07 गैंग बीट हेतु 10 ट्रैकमैन प्रति गैंग बीट की दर से 7 x 10 = 70 ट्रैकमैन एवं इन्दारा–दोहरी घाट सेक्शन के 05 गैंग बीट हेतु 6 ट्रैकमैन प्रति गैंग बीट की दर से 5 x 6 = 30 ट्रैकमैन, कुल मिलाकर 12 गैंग बीट हेतु 100 ट्रैकमैन प्रस्तावित किये जाते हैं।

3.2.4 <u>ट्रालीमैन के पदों का आंकलनः–</u>

सी0से0ई0 / रेलपथ / पीवे / मऊ (पश्चिम) के सम्पूर्ण कार्यक्षेत्र में 03 सीसेइं को ट्राली सुविधा प्रदान की गयी है। जो क्रमशः सीसेइं / पीवे / मऊ (पश्चिम) इंचार्ज, सीसेइं / पीवे / रसड़ा एवं सीसेइं / पीवे / इन्दारा सेक्शनल के पास है। इसके अतिरिक्त सहायक मंडल इंजीनियर की पुश ट्राली के ट्रालीमैन का बी.ओ. एस भी सी0से0ई0 / रेलपथ / पीवे / मऊ (पश्चिम) के बी.ओ.एस में समाहित हैं। प्रति ट्राली 04 ट्रालीमैन के अनुसार 03 ट्रालियों हेतु 3 x 4 =12 ट्रालीमैन प्रस्तावित किये जाते हैं।

3.2.5 <u>गेट मैन के पदों का आंकलनः–</u>

सी0से0ई0 / रेलपथ / मऊ (पश्चिम) के सम्पूर्ण कार्यक्षेत्र में कार्यशील गेटों का विवरण अध्याय –2 में दर्शाया गया हैं। जिसके अनुसार पूरे कार्यक्षेत्र के अधीन कुल 07 गेट हैं। इन गेटों पर गेटमैन की ड्यूटी रोस्टर 12 घंटे का होता है ।

| | |
|---|---|
| 07 गेट के दो पालियों हेतु गेटमैनों की प्रस्तावित संख्या= 7 x 2 | = 14 |
| विश्रामदाता | = 03 |
| कुल | = 17 |

3.2.6 आर्टीजन एवं हेल्पर खलासी कैटेगरी के पदों का आंकलनः—

सीसेइं/रेलपथ/मऊ (पश्चिम) के अधीन विभिन्न आर्टीजन संवर्ग के कार्यों हेतु उनके कार्यभार एवं आवश्यकता को देखते हुए निम्नलिखित कर्मचारी संख्या प्रस्तावित की जाती है :—

| क्र0सं0 | पद नाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | कारपेन्टर | 01 |
| 2 | वेल्डर | 01 |
| 3 | पेन्टर | 01 |
| 4 | लोहार | 01 |
| 5 | हेल्पर खलासी | 04 |
| योग | | 08 |

3.2.7 चौकीदार के पदों का आंकलनः—

सी0से0ई0/रेलपथ/मऊ (पश्चिम) के कार्यालय, स्टोर ,वर्कशाप इत्यादि के चौकीदारी कार्यों हेतु चौकीदार के 02 पद प्रस्तावित किये जाते है। इनके विश्रामदाता की व्यवस्था विविध मदों में प्रस्तावित कर्मचारी संख्या से समायोजित किया जा सकता है। रसड़ा एवं घोसी स्थित पीवे स्टोर की चौकीदारी संलग्न बीट के कर्मचारियों से समायोजित किया जाना प्रस्तावित किया जाता है।

3.2.8 विविध कार्यो हेतु पदो का आंकलन :—

| क्र0सं0 | कार्य का विवरण | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | पीवे यूनिट मुख्यालय से बाहर मंडलों में विविध कार्यों के संबंध में एवं मैटेरियल के आदान प्रदान, इश्यू नोट एवं चेंजिग कार्यों का निष्पादन, विविध प्रकार की पेट्रोलिंग कार्य जैसे फॉग सिगनल, मानसून पेट्रोलिंग एवं संरक्षा पेट्रोलिंग संबंधी कार्यों का निष्पादन एवं सामग्री की लोडिंग एवं अनलोडिंग कार्यों के संबंध में। | 05 |
| 2 | कार्यालय के कार्य में सहयोग, अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान आवश्यक कार्य विवरणी तैयार करना एवं टीएमएस फीडिंग, स्थापना एवं स्टोर संबंधी कार्यों में सहयोग तथा अन्य विविध एवं अलेखांकित कार्यों के संबंध में। | 2 |
| 3 | यूएसएफडी एवं ओएमएस ट्रैक रिकार्डिंग कार्य हेतु। | 03 |
| योग | | 10 |

3.2.9 सीसेइं / रेलपथ / मऊ (पश्चिम) हेतु आंकलित / प्रस्तावित पदों की समरीः—

| क्र0सं0 | पद नाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | मेट | 12 |
| 2 | की मैन | 13 |
| 3 | ट्रैकमैन | 100 |
| 4 | ट्रालीमैन | 12 |
| 5 | गेटमैन | 17 |
| 6 | आर्टीजन एवं खलासी | 08 |
| 7 | चौकीदार | 02 |
| 8 | विविध कार्यों हेतु ट्रैकमैन | 10 |
| | योग | 174 |
| | अवकाशदाता @ 12.5% | 22 |
| | कुल योग | 196 |

3.3 स्वीकृत एवं प्रस्तावित पदों की समरी :—

| पीवे यूनिट | स्वीकृत संख्या | प्रस्तावित संख्या | सरप्लस |
|---|---|---|---|
| मऊ (पश्चिम) | 214 | 196 | 18 |

3.4 संस्तुतियाँः—

यह संस्तुति की जाती है कि सी0से0ई0 / रेल पथ / मऊ (पश्चिम) के अधीन ट्रैकमैन के 18 पद, जो आवश्यकता / कार्यभार से अधिक पाये गये है, तथा रिक्त भी चल रहे हैं उन्हें अभ्यर्पित किया जाय ।

******